# Guru Jambheshwar University of Science & technology Hisar.
# In news In December 2016

## गुरु जम्भेश्वर से राजासिंह चौधरी सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज. हिसार

गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में कार्यरत उपमंडल अभियंता राजा सिंह चौधरी बुधवार को सेवानिवृत

- विश्वविद्यालय में उन्होंने अनेक विभागों में अपनी सेवाएं दी

हो गए। इस मौके पर विश्वविद्यालय के सभागार में समारोह आयोजित किया गया। कुलसचिव डा.अनिल कुमार ने समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने राजा सिंह चौधरी की विश्वविद्यालय को दी गई सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि राजा सिंह चौधरी ने अत्यंत निष्ठा व ईमानदारी से कार्य किया। उन्होंने राजा सिंह चौधरी के सुखद भविष्य की कामना की और कहा कि सेवानिवृति का दिन किसी भी कर्मचारी के लिए एक बदलाव बिंदु होता है। राजा सिंह चौधरी ने 8 जनवरी 2008 को जीजेयू में उपमंडल अभियंता (इलेक्ट्रिकल) के पद पर ज्वाईन किया था। विश्वविद्यालय में उन्होंने अनेक विभागों में अपनी सेवाएं दी। वर्ष 1980 में बीटेक करने के बाद भिलाई स्टील सेल, कोल इंडिया, आनंद बैटरीज, क्रोम्पटन लिमिटेड, एनआईटी सुरत कलकत्ता में भी अपनी सेवाएं दीं। इस मौके पर हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस की निदेशिका प्रो. ऊषा अरोड़ा, प्रो. कर्मपाल, सरदार सुरेन्द्र सिंह, सुनील ग्रोवर, गैरशिक्षक कर्मचारी कल्याण संघ के प्रधान देसराज आदि मौजूद थे।



हिसार। राजा सिंह चौधरी को सेवानिवृति के बाद सम्मानित करते डा. अनिल पुंडीर।

हरिभूमि- 1/12/16

## जीजेयू में कैश लेस सिस्टम लागू होगा

भास्कर न्यूज | हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार में अब लगभग सभी लेन-देन कैश लेस होगा। इस संबंध में कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सभी संबंधित स्थानों पर स्वैप मशीनें लगाने के लिए आदेश जारी किए हैं। इन मशीनों के माध्यम से डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि से विश्वविद्यालय में भुगतान किए जा सकेंगे।

प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि यह समय की मांग है कि हम कैश लेस लेन-देन को बढ़ावा दें तथा उसे अपनाएं।

**वीसी ने शॉपिंग सेंटर व मैस में स्वैप मशीन लगाने के निर्देश दिए**

वीसी ने आदेश दिए कि जीजेयू कैंपस में दुकानदार, कैफेटेरिया संचालक, मैस संचालक तथा अन्य संबंधित व्यक्ति या संस्था कैशलेस लेन-देन के लिए स्वैप मशीन स्थापित करें, ताकि विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों व विश्वविद्यालय में आगंतुक मेहमानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। विश्वविद्यालय में पुस्तकालय व गेस्ट हाउस आदि में लेनदेन के लिए भी एक अतिरिक्त स्वैप मशीन स्थापित करने के आदेश दिए गए हैं। विश्वविद्यालय में सभी प्रकार की फीस ई-चालान या नेट बंकिंग के माध्यम से ली जा रही हैं। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह निर्णय विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत उपयोगी होगा तथा कैश लेस लेन-देन के लिए क्रांतिकारी कदम साबित होगा।

दैनिक भास्कर-1/12

### विश्व एड्स दिवस पर आयोजित किए गए जागरुकता कार्यक्रम

## 'शिक्षा की सार्थकता तभी है जब वो समाज उपयोगी हो'

आज समाज नेटवर्क

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा है कि शिक्षा की सार्थकता तभी है जब वो समाज उपयोगी हो। शिक्षित लोगों की समाज को जागरूक करने की और अधिक जिम्मेदारी बनती है। प्रो. टंकेश्वर कुमार गुरुवार को विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य पर विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित किए गए जागरुकता कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि सम्बोधित कर रहे थे। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि थे। एचआईवी की रोकथाम के लिए एकजुट होने की थीम को लेकर किए गए इस कार्यक्रम में प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि समाज में जागरुकता फैलाकर ही एचआईवी जैसी भयानक बीमारी पर नियंत्रण किया जा सकता है। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे अपने आस-पड़ोस, गांव, देहात में जाकर एचआईवी के प्रति लोगों को जागरूक करें। समय की मांग है कि शहरों की तुलना में गांवों में अधिक जागरुकता कार्यक्रम चलाए जाने चाहिएं। डॉ. अनिल कुमार पुंडीर ने अपने सम्बोधन में कहा कि एड्स एक ऐसी बीमारी है जिसके प्रति जागरूक होना ही उसके बचाव का सबसे बड़ा तरीका है। उन्होंने युवाओं को आह्वान किया कि देश को एड्स मुक्त बनाने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने जागरुकता उपायों के बारे में भी बताया।



कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार को रेड रिब्बन लगाता स्वयंसेवक।

विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक प्रो. सुजाता सांघी ने अपने सम्बोधन में भारत में एचआईवी की वर्तमान स्थिति के बारे में बताया तथा कहा कि विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई लगातार इस दिशा में जागरुकता अभियान चला रही है। आगे भी इस प्रकार के अभियान चलाए जाते रहेंगे। इस अवसर पर एचआईवी जागरुकता से संबंधित मानव श्रृंखला भी बनाई गई। धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. अनिल भानखड़ ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रो. एचसी गर्ग, प्रो. संदीप आर्य, प्रो. आशीष अग्रवाल, प्रो. देवेन्द्र मोहन, डॉ. सुमन दहिया, डॉ. कश्मीरी लाल, डॉ. दीपक केडिया, आदि उपस्थित थे।

आज समाज 2/12/16

# श्रीमद्भागवद गीता से युवाओं को सिखाएंगे जीवन मूल्य

## जीजेयू में तीन दिवसीय इंटरनेशनल कांफ्रेंस शुरु

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार।

जीजेयू में वीरवार से श्रीमद्भागवद गीता पर इंटरनेशनल कांफ्रेंस का आयोजन होगा। इस दौरान मलेशिया, यूरोप, नेपाल और कैनेडा सहित देश-विदेश के बुद्धिजीवी हिस्सा लेंगे। कांफ्रेंस के माध्यम से युवाओं एवं बच्चों को गीता पर आधारित जीवन मूल्यों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। कांफ्रेंस में प्रसिद्ध गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। वहीं, उत्तराखंड संस्कृत यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रो. महाबीर अग्रवाल मुख्य वक्ता और समापन समारोह की अध्यक्षता एचएयू के कुलपति डॉ. केपी सिंह करेंगे।

जीजेयू के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के धार्मिक अध्ययन संस्थान द्वारा इस कांफ्रेंस का आयोजन करवाया जा रहा है। कांफ्रेंस में विश्वविद्यालय के अतिरिक्त महाविद्यालयों व स्कूलों के विद्यार्थियों को भी आमंत्रित किया गया है। विश्वविद्यालय के चौ. रणबीर सिंह सभागार में 8 दिसंबर से 10 दिसंबर तक गीता के परिपेक्ष्य में युवाओं में मानव मूल्यों की अनुपालना विषय पर मंथन होगा।



हिसार। जीजेयू में आयाजित पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए कुलपति।

**500 शोधपत्र होंगे प्रस्तुत :** कुलपति ने बताया कि कांफ्रेंस में शोधार्थी करीब 500 शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे। कांफ्रेंस में 17 तकनीकी सत्र होंगे। जिसमें 12 देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त दो कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा तथा दो पैनल वार्ता होगी। कांफ्रेंस में एक विशेष ऑनलाइन सत्र भी होगा। डीन धार्मिक अध्ययन संस्थान प्रो. एन के विश्नोई ने बताया कि संगोष्ठी की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शुभारंभ सुबह 9 बजे होगा। धार्मिक अध्ययन संस्थान के चेयरपर्सन डॉ. किशन राम ने बताया कि संगोष्ठी में 45 विषय विशेषज्ञ अपने व्याख्यान देंगे। वहीं 8 दिसंबर को शाम 5 बजे विश्वविद्यालय के सभागार में एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें हरियाणा के कलाकार डॉ. हरविंद्र राणा प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर प्रो. नरसीराम और प्रो. कर्मपाल भी उपस्थित रहे।

अमर उजाला - 8/12/16

## योगा चैम्पियनशिप में जीता कांस्य



हिसार। झारखंड में आयोजित योगा फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित नेशनल योगा स्पोर्टस चैम्पियनशिप में जीजेयू के खिलाड़ी ने कांस्य पदक जीता। गुजवि प्रशासन की ओर से विजेता खिलाड़ी सोनू वर्मा को सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता बीते 12 से 16 नवम्बर के बीच आयोजित हुई थी। विवि के खेल निदेशक डा. एस. बी. लुथरा ने बताया कि सोनू विवि में बीपीटी तृतीय वर्ष का विद्यार्थी है। उन्होंने बताया कि सोनू इससे पहले भी जिला तथा राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर चुका है। वीसी प्रो. टंकेश्वर कुमार और रजिस्ट्रार डा. अनिल कुमार पुंडीर ने विजेता खिलाड़ी सोनू तथा उनके कोच व योगा इंस्ट्रेक्टर प्रकाश समेत पुरे खेल विभाग को इस उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि - 8/12/16

## जीजेयू जल्द होगी पूरी तरह डिजिटल : प्रो. टंकेश्वर

भास्कर न्यूज | हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय शीघ्र ही पूरी तरह डिजिटल हो जाएगा। डिजिटलाइजेशन को लेकर विश्वविद्यालय में डिजिटल फ्रेमवर्क की बैठक हुई। इसमें एनआईसी के तकनीकी निदेशक सुशील कुमार व एमएस विश्वविद्यालय, बड़ौदा, गुजरात के उपकुलसचिव दर्शन मारू शामिल हुए।

बैठक में वीसी प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विश्वविद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि एन आईआरएफ रैंकिंग में जीजेयू का देश में 24वां और प्रदेश में पहला स्थान है। विश्वविद्यालय के संगणक एवं सूचना विज्ञान केंद्र के मुखिया मुकेश कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों की डिग्री, रिजल्ट, एडमिट कार्ड, उपस्थिति, एक्सपर्ट लेक्चर, इत्यादि गतिविधियां डिजिटल रूप में होंगी। विश्वविद्यालय में दाखिले, भर्ती प्रक्रिया व ई-टेंडर की व्यवस्था पहले से ही डिजिटल हैं।

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. राजेश मल्होत्रा, डीन एफईटी प्रो. दिनेश चुटानी, परीक्षा नियंत्रक प्रो. कुलदीप बंसल व अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## 'शूटिंग ध्यान व एकाग्रता का खेल'



हिसार | जीजेयू में शूटिंग रेंज स्थापित की गई है। यह इस क्षेत्र में किसी भी सरकारी संस्थान में स्थापित की गई पहली शूटिंग रेंज है। राष्ट्रीय उच्चत्तर शिक्षा अभियान के तहत प्राप्त अनुदान से स्थापित इस रेंज का उद्घाटन शुक्रवार की दोपहर बाद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया। विश्वविद्यालय के मल्टी परपज हॉल में हुए खेल निदेशालय के सौजन्य से हुए उद्घाटन समारोह में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अध्यक्षता खेल निदेशक डॉ. एसबी लुथरा ने की। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि शूटिंग ध्यान व एकाग्रता का खेल है।

दैनिक भास्कर - 10/12/1

## गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में प्रथम पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया

# भारतीयों की विश्व में पहचान : अभिमन्यु

भारतीयों और भारतीयता की विश्वभर में पहचान होनी लगी है। यह हमारे लिए गौरव की बात की बात है, जिसे कायम रखना हमारी जिम्मेदारी है।







हिसार। गुजवि में पूर्व छात्र सम्मेलन को सम्बोधित करते वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु, सम्मेलन में उपस्थित लोग तथा वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु को गुलदस्ता भेंट करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज. हिसार

प्रदेश वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने रविवार को गुजवि में आयोजित प्रथम पूर्व छात्र सम्मेलन में कही। वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. टंकेश्वर ने की।

कैप्टन अभिमन्यु ने पूर्व छात्रों को कहा कि वह अपने संस्थान से दोबारा से जुड़कर संस्थान के विकास में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि हमें उस राह पर चलना होगा जिस राह पर हमारे पूर्वज चले थे।

प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विवि की 21 साल की यात्रा का यह एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जब विवि में प्रथम पूर्व छात्र सम्मेलन हुआ है। उन्होंने कहा कि भविष्य में पूर्व छात्र सम्मेलनों को और बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने पूर्व छात्रों को विवि से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया और दोहराया कि पूर्व छात्र किसी भी संस्थान के ब्रांड अम्बेसडर होते हैं। पूर्व छात्र संस्थान के विकास में योगदान दे सकते हैं। विवि के कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर ने कहा कि वह समाज और राष्ट्र के लिए कार्य करें तथा विद्यार्थियों को मानवीय मूल्यों के प्रति सजग करें।

### ई स्टोर का किया उद्घाटन

वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने आउटरीच कार्यक्रम के तहत ई स्टोर का उद्घाटन भी किया। फिलहाल इस स्टोर पर विभिन्न प्रकार के 29 आइटम उपलब्ध है, जिनकी भविष्य में संख्या बढ़ाई जाएगी। सम्मेलन के दौरान ब्रेन स्टोर्मिंग कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव और योग्यता को सांझा किया। विश्वविद्यालय के डीन एल्युनाई रिलेशन्स प्रो. एमएस तुरान ने दावा किया कि सम्मेलन में 500 से अधिक पूर्व छात्रों ने भाग लिया।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद के सदस्य डा. केसी अरोड़ा व सम्मेलन के संयुक्त सचिव एल्युनाई रिलेशन्स डा. युद्धवीर सिंह उपस्थित थे। पूर्व छात्र रमेश पंवार तथा अमित शर्मा को सम्मेलन के आयोजन में सहयोग के लिए सम्मानित किया गया।

### गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र हैं कैप्टन अभिमन्यु

वित मंत्री कैप्टन अभिमन्यु गुजवि के पूर्व छात्र हैं। वह पूर्व छात्र संघ के प्रथम सदस्य के रूप में भी पंजीकृत हुए। उन्होंने पूर्व छात्र संघ के लिए एक लाख रूपये का अनुदान भी दिया। रविवार को कैप्टन अभिमन्यु का जन्मदिन था। इस मौके पर गुजवि प्रशासन ने कैप्टन अभिमन्यु से केट कटवाया और उनके सुखद भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।



हिसार। गुजवि में पूर्व छात्र सम्मेलन में पंजीकरण करवाते प्रदेश के वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु।

हरिभूमि - 19/12/16

---

# गुजवि में ई-स्टोर का उद्घाटन

हिसार/18 दिसंबर/रिपोर्टर

वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा है कि अब भारतीयों व भारतीयता की विश्वभर में पहचान होने लगी है। यह हमारे लिए गौरव के क्षण हैं। इन्हें बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। कैप्टन अभिमन्यु विश्वविद्यालय के प्रथम विश्वविद्यालय स्तरीय पूर्व छात्र सम्मेलन को बतौर मुख्यातिथि सम्बोधित कर रहे थे। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की।



*हिसार. पूर्व छात्र सम्मेलन में ई-स्टोर का उद्घाटन करते वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु।*

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि कलयुग में सबसे बड़ी शक्ति संगठन की है। हम संगठित होकर ही देश व समाज को आगे ले जा सकते हैं। राज्य सरकार का इस वर्ष का बजट 89 हजार करोड़ रूपये है। हमारी जिम्मेदारी बनती है कि प्रदेश की जनता के इस पैसे का सदुपयोग करें तथा प्रदेश के विकास के लिए अपना योगदान दें। उन्होंने पूर्व छात्रों से कहा कि वे अपने संस्थान से दोबारा से जुड़ें तथा संस्थान व संस्थान के विद्यार्थियों के विकास में अपना योगदान दें। कैप्टन अभिमन्यु विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय स्तरीय पूर्व छात्र संघ के प्रथम सदस्य के रूप में भी पंजीकृत हुए हैं। उन्होंने पूर्व छांत्र संघ के लिए एक लाख रूपये का अनुदान भी दिया। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय की 21 साल की यात्रा का यह एक महत्वपूर्ण पड़ाव है जब विश्वविद्यालय में प्रथम विश्वविद्यालय स्तरीय पूर्व छात्र सम्मेलन हुआ है। उन्होंने कहा कि भविष्य में पूर्व छात्र सम्मेलनों को और बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर ने कहा कि वे समाज व राष्ट्र के लिए कार्य करें तथा वर्तमान विद्यार्थियों को मानवीय मूल्यों के प्रति सजग करें।

विश्वविद्यालय के डीन एल्मुनाई रिलेशन्स प्रो. एमएस तुरान ने बताया कि सम्मेलन में 500 से अधिक पूर्व छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर कैप्टन अभिमन्यु ने आऊटरीच कार्यक्रम के तहत ई-स्टोर का उद्घाटन भी किया। फिलहाल इस स्टोर पर विभिन्न प्रकार के 29 आईटम उपलब्ध हैं। भविष्य में इनकी संख्या बढ़ाई जाएगी। सम्मेलन के दौरान ब्रेन स्टोर्मिंग कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। पूर्व छात्र रमेश पंवार व अमित शर्मा को सम्मेलन आयोजन में सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद के सदस्य डॉ. केसी अरोड़ा व सम्मेलन के संयुक्त सचिव एल्मुनाई रिलेशंस डॉ. युद्धवीर सिंह उपस्थित थे।

- संबंधित खबरें पृष्ठ आठ पर भी

नभछोर - 18/12/16

# जीजेयू में कुलपति ने टी स्टाल पर चाय पी पेटीएम से किया भुगतान

## प्रोफेसर्स के साथ विश्वविद्यालय में दुकानों और प्रतिष्ठानों का लिया जायजा

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार।



हिसार। चाय की स्टाल से पेटीएम से भुगतान करते कुलपति।

जीजेयू को कैशलेस बनाने के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने मंगलवार को विश्वविद्यालय में विभिन्न दुकानों और प्रतिष्ठानों का जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान प्रोफेसर्स के साथ विश्वविद्यालय के सैनी टी-स्टाल पर चाय पी और पेटीएम से बिल भी चुकाया।

वित्तीय साक्षरता अभियान के तहत दौरा करते हुए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि नकदी रहित भुगतान व्यवस्था वर्तमान समय की जरूरत है। इसलिए विश्वविद्यालय में अधिकतर स्थानों पर नकदी रहित भुगतानों की व्यवस्था हो गई है। शेष स्थानों पर भी शीघ्र ही यह व्यवस्था कर दी जाएगी।

इसके अलावा विश्वविद्यालय के संगणक एवं सूचना विज्ञान केंद्र (यूसीआईसी) द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों और स्टाफ को नकदी रहित भुगतान करने को लेकर प्रशिक्षण शिविर भी लगाया गया। शिविर में विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अतिरिक्त पीजीएसडी हाई स्कूल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जहाजपुल की एनएसएस इकाई के 20 स्वयंसेवकों, स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया।

विश्वविद्यालय यूसीआईसी प्रमुख मुकेश अरोड़ा ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर के प्रतिभागी शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को नगदी रहित भुगतान के बारे में जागरूक करेंगे और प्रशिक्षण देंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की समन्वयक प्रो. सुजाता सांघी, कुलपति के सचिव मुकेश भयाना, स्वयंसेवक उपस्थित थे।

अमर उजाला - 21/12/16

# जीजेयू में कुलपति ने कैशलेस व्यवस्था का लिया जायजा

## सभी जगह कैशलेस सिस्टम लागू करने के निर्देश

भास्कर न्यूज़ | हिसार




चाय की दुकान पर कैशलेस व्यवस्था का जायजा लेते प्रो. टंकेश्वर कुमार।

जीजेयू ने भारत सरकार के वित्तीय साक्षरता अभियान के तहत जोर-शोर से कार्य करना शुरू कर दिया है। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विश्वविद्यालय परिसर में नकदी रहित भुगतान व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विवि अधिकतर स्थानों पर नकदी रहित भुगतानों की व्यवस्था हो गई है। शेष स्थानों पर भी शीघ्र ही यह व्यवस्था कर दी जाएगी। विश्वविद्यालय के संगणक एवं सूचना विज्ञान केन्द्र (यूसीआईसी) द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों व स्टाफ को नकदी रहित भुगतान करने को लेकर प्रशिक्षण शिविर भी लगाया। शिविर में विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अतिरिक्त पीजीएसडी हाई स्कूल व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जहाज पुल की एनएसएस इकाई के 20 स्वयंसेवकों व स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया।

विश्वविद्यालय के संगणक एवं सूचना विज्ञान केन्द्र (यूसीआईसी) के प्रमुख मुकेश अरोड़ा ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर के प्रतिभागी शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को नकदी रहित भुगतान के बारे में जागरूक करेंगे तथा प्रशिक्षण देंगे। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की समन्वयक प्रो. सुजाता सांघी, कुलपति के सचिव मुकेश मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर-21/12/16

# गुजवि में 462.62 लाख रूपए की लागत से बनेंगे 24 मकान, हुआ भूमि पूजन



*हिसार: गुजवि में डी-टाईप मकानों का भूमि पूजन करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।*

हिसार/21 दिसंबर/रिपोर्टर

गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार में 24 डी-टाईप मकानों का निर्माण किया जाएगा। आज डी-टाईप मकानों के लिए भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित हवन यज्ञ में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने मुख्य यजमान की भूमिका अदा की। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर भी उपस्थित थे। कुलपति ने कहा कि डी-टाईप मकानों के निर्माण के लिए लम्बे समय से मांग की जा रही थी। आगे भी विश्वविद्यालय परिवार की मांग को ध्यान में रखते हुए लगातार सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती रहेंगी। ये मकान एक वर्ष में बनकर तैयार हो जाएंगे। डॉ. पुंडीर ने कहा कि विश्वविद्यालय के नए रिहायशी कैंपस में बनने वाले इन मकानों के निर्माण पर 462.62 लाख रूपए की लागत आएगी। सभी 24 मकानों का क्षेत्र 3192 वर्ग मीटर होगा। मकानों में तीन बैड रूम, एक ड्राईंग रूम, एक लॉबी-कम-डाइनिंग, स्टोर, किचन तथा दो शौचालय बनाएं जाएंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधीक्षक अभियंता अशोक अहलावत सहित विश्वविद्यालय कार्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तथा विभिन्न संकायों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

नभछोर 21/12/16

## GJUST gets Central funds

TRIBUNE NEWS SERVICE

HISAR, DECEMBER 23

The Department of Physics at Guru Jambheshwar University of Science and Technology, Hisar, has received financial support from the Department of Science and Technology of the Central government under the Fund for Improvement of Science and Technology infrastructure for higher education (FIST).

Prof Tankeshwar Kumar, Vice-Chancellor, said this would boost research activities in physics and its allied fields. This is the third tim[e] when the department ha[s] been identified for the FIS[T] programme.

The Tribune

## गुजवि को मिली वित्तीय सहायता

हिसार : गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग को भारत सरकार के विज्ञान एवं तकनीक विभाग द्वारा उच्चतर शिक्षा में विज्ञान एवं तकनीकी आधारभूत ढांचे में विकास के लिए फंड (एफआइएसटी) प्रोग्राम के तहत वित्तीय सहायता मिली है। विश्वविद्यालय को इस सहायता के रूप में अधिकतम तीन करोड़ रुपये मिलेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इससे विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के आधारभूत ढांचे को और अधिक मजबूत करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतिष्ठित वित्तीय सहायता मिलने से साफ है कि विश्वविद्यालय के भौतिकी में उच्च स्तर के गुणवत्ता आधारित शैक्षणिक व शोध कार्य होते हैं।

दैनिक ट्रिब्यून

## गुजवि में छात्रों का हुआ प्लेसमेंट

हिसार : गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी विभाग के चार विद्यार्थियों का चयन सकाटा इंक्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड गुड़गांव में हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर ने प्रिंटिंग विभाग को इस उपलब्धि पर बधाई दी है। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट के नवनियुक्त निदेशक प्रताप सिंह मलिक ने बताया कि सकाटा इंक्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड कंपनी जापान की जानी मानी कंपनी है। यह कंपनी विभिन्न प्रकार की प्रिंटिंग इंक्स का निर्माण करती है। प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी विभाग के विद्यार्थी कंपनी में साक्षात्कार के बाद विद्यार्थी कंपनी में ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी के पद के चयनित हुए हैं। चयनित विद्यार्थियों को 3.40 लाख रुपये का सालाना पैकेज दिया जाएगा। इसमें शैलेश चौहान, अमित, विक्रांत गोला व मयंक छाबड़ा शामिल हैं। ये विद्यार्थी जुलाई 2017 में अपना कोर्स पूरा होने के बाद कंपनी में ज्वाइन करेंगे।

# गुजवि में नए कोर्स शुरू करने की तैयारी

जागरण संवाददाता, हिसार : गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विज्ञान के साथ अब फैशन टेक्नोलॉजी और फिल्म बनाने का प्रशिक्षण मिलेगा। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए नए कोर्स शुरू करने की योजना बना रहा है। यह प्रस्ताव ईसी की बैठक रखा जाएगा। वहां से पास होने के बाद उम्मीद है यह अगले सत्र से शुरू भी हो जाए। विश्वविद्यालय में एमबीए, एमएससी, बायो नैनो, मास कम्युनिकेशन, प्रिंटिंग विभाग, साइकोलॉजी, गणित, फिजिक्स आदि विषय के कोर्स चल रहे हैं। इन कोर्स में विश्वविद्यालय के विभिन्न वर्षों में पांच हजार से ज्यादा विद्यार्थी शिक्षा ले रहे है।

विश्वविद्यालय की तरफ से फिल्म मेकिंग, एनिमेशन और फैशन टेक्नोलॉजी का कोर्स शुरू करने का मन बना रहा है। इन कोर्स की आज के समय में काफी डिमांड है। छात्र इन कोर्स को करने के लिए दिल्ली व मेट्रो सिटी में जा रहे है। विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से योजना बनाकर आने वाले दिनों में होने वाली ईसी की बैठक में रखा जाएगा। बैठक में सभी समक्ष इन कोर्स की अहमियत व इन पर विचार विमर्श किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस सत्र से बारहवीं के बाद के पांच वर्षीय बीएससी के ड्यूल डिग्री के कोर्स शुरू किए थे। इसमें छात्रों को फायदा हुआ था। काफी छात्रों ने इसमें दाखिला भी लिया।

◆ फिल्म, एनिमेशन, टेक्नोलॉजी, फैशन के कोर्स हो सकते हैं शुरू



विश्वविद्यालय फिल्म मेकिंग, एनिमेशन, फैशन टेक्नोलॉजी के कोर्स शुरू करने पर विचार कर रहा है। इसको अगले सत्र से शुरू किया जा सकता है। पहले ईसी की बैठक में इसे रखा जाएगा।

प्रो. टंकेश्वर कुमार, कुलपति, गुजवि

दैनिक जागरण - 26/12/16

# गुजवि के प्रोफेसर को मिला फार्मा रत्न पुरस्कार



गुजवि के चिकित्सा विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. मिलिन्द पारले फार्मा रत्न पुरस्कार प्राप्त करते हुए। जागरण

जागरण संवाददाता, हिसार : गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के चिकित्सा विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. मिलिंद पारले को फार्मा रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार उन्हें राष्ट्रीय स्वयं सेवा संस्था रब दी मेहर के सौजन्य से दिल्ली में हुए एक समारोह में दिया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर ने विश्वविद्यालय को गौरवान्वित करने के लिए प्रो. मिलिंद पारले को बधाई दी है।

प्रो. मिलिंद पारले को समारोह के मुख्यातिथि ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया और एआइआइएमएस के निदेशक द्वारा प्रदान किया गया। यह पुरस्कार दवाइयों के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए दिया जाता है।

दैनिक जागरण - 29/12/16